इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 48] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 1 दिसम्बर 2017—अग्रहायण 10, शक 1939

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं,

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 नवम्बर 2017

क्र. ई.-5-857-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी., आयएएस., कलेक्टर, जिला पन्ना को दिनांक 16 नवम्बर 2017 से 14 मई 2018 तक, एक सौ अस्सी दिन का मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई.-5-671-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आयएएस., आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा आयुक्त, अनुसूचित जाति कल्याण को दिनांक 6 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2017 तक, चालीस दिन का चाईल्ड केयर लीव स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती दीपाली रस्तोगी की अवकाश की अवधि में आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण का प्रभार श्री राकेश सिंह, भाप्रसे, संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं को तथा आयुक्त, अनुसूचित जाति कल्याण का प्रभार श्री सचिन सिन्हा, भाप्रसे सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आयएएस को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, अनुसूचित

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2017.

जनजाति कल्याण तथा आयुक्त, अनुसूचित जाति कल्याण के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती दीपाली रस्तोगी द्वारा आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा आयुक्त, अनुसूचित जाति कल्याण का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री राकेश सिंह, भाप्रसे एवं श्री सचिन सिन्हा, भाप्रसे सौंपे गये प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती रस्तोगी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रस्तोगी, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 9 नवम्बर 2017

क्र. ई.-5-772-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री पी. नरहरि, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को दिनांक 23 से 31 अक्टूबर 2017 तक, नौ दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री पी. नरहरि को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पी. नरहरि, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 13 नवम्बर 2017

क्र. ई-5-947-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती अलका श्रीवास्तव, आयएएस., अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग को दिनांक 13 से 17 नवम्बर 2017 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 11, 12 एवं 18, 19 नवम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती अलका श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती अलका श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती अलका श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 14 नवम्बर 2017

क्र. ई-5-927-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रवीण सिंह अधयक, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजगढ़ को दिनांक 20 से 25 नवम्बर 2017 तक, छ: दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 18, 19 एवं 26 नवम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रवीण सिंह अधयक को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजगढ़ के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रवीण सिंह अधयक को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रवीण सिंह अधयक, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पर पद कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-961-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मयंक अग्रवाल, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रीवा को दिनांक 6 से 20 नवम्बर 2017 तक, पन्द्रह दिन का पितृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री मयंक अग्रवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रीवा के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री मयंक अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मयंक अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पर पद कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-915-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) सुश्री नेहा मारव्या सिंह, आयएएस., उपसचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को दिनांक 20 से 25 नवम्बर 2017 तक, छ: दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर सुश्री नेहा मारव्या को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में सुश्री नेहा मारव्या को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री नेहा मारव्या, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 16 नवम्बर 2017

क्र. ई-5-851-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एम. बी. ओझा, आयएएस., आयुक्त, उज्जैन संभाग, उज्जैन को समसंख्यक आदेश दिनांक 9 अक्टूबर 2017 द्वारा दिनांक 20 से 25 नवम्बर 2017 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश दिनांक 18, 19 एवं 26 नवम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति सहित स्वीकृत किया गया है.

(2) श्री एम. बी. ओझा की अवकाश अवधि में श्री अशोक कुमार भार्गव, भाप्रसे अपर आयुक्त, उज्जैन संभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, आयुक्त, उज्जैन का प्रभार सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 20 नवम्बर 2017

क्र. ई-5-685-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. पी. आहूजा, भाप्रसे, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) को माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में दिनांक 22 से 28 अक्टूबर 2017 तक प्रतिनिधि मंडल के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश प्रवास के अनुक्रम में दिनांक 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2017 तक, चार दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री डी. पी. आहूजा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. आहूजा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-816-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजीव सिंह, आयएएस., संचालक, कौशल विकास मध्यप्रदेश तथा कार्यपालक संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान को दिनांक 1 से 19 जनवरी 2018 तक, उन्नीस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 31 दिसम्बर 2017 एवं 20, 21 जनवरी 2018 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री संजीव सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न संचालक, कौशल विकास मध्यप्रदेश तथा कार्यपालक संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री संजीव सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव सिंह, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-829-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री नागरगोजे मदन विभीषण, आयएएस., कलेक्टर, जिला दतिया को दिनांक 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2017 तक पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री नागरगोजे मदन विभीषण, भाप्रसे की अवकाश अवधि में श्री आशीष कुमार, अपर कलेक्टर, दतिया को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक कलेक्टर, दतिया का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री नागरगोजे मदन विभीषण को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला दतिया के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री नागरगोजे मदन विभीषण द्वारा कलेक्टर, दतिया का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आशीष कुमार कलेक्टर, दतिया के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री नागरगोजे मदन विभीषण को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नागरगोजे मदन विभीषण अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-850-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. एम. शर्मा, आयएएस., आयुक्त, शहडोल संभाग, शहडोल को दिनांक 26 दिसम्बर 2017 से 4 जनवरी 2018 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनाकं 24, 25 दिसम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री बी. एम. शर्मा की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री अमर सिंह बघेल, अपर आयुक्त, शहडोल संभाग, शहडोल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. एम. शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, शहडोल संभाग, शहडोल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. एम. शर्मा द्वारा आयुक्त शहडोल संभाग, शहडोल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अमर सिंह बघेल उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. एम. शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. एम. शर्मा, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-859-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री भरत यादव, आयएएस., उपसचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग को दिनांक 30 दिसम्बर 2017 से 10 जनवरी 2018 तक, बारह दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री भरत यादव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न उपसचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री भरत यादव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री भरत यादव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-917-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री सौरभ कुमार सुमन, आयएएस, आयुक्त, नगरपालिका निगम, रीवा को दिनांक 20 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2017 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 17 मार्च 2017 के स्थानीय अवकाश तथा दिनांक 18, 19 नवम्बर एवं 02, 03 दिसम्बर 2017 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री सौरभ कुमार सुमन को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न, आयुक्त, नगरपालिका निगम, रीवा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री सौरभ कुमार सुमन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सौरभ कुमार सुमन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-1002-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राजेश कुमार कौल, आयएएस., संयुक्त आयुक्त, प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय, भोपाल को दिनांक 26 से 30 दिसम्बर 2017 तक, चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 24, 25, दिसम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश कुमार कौल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न संयुक्त आयुक्त, प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश कुमार कौल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश कुमार कौल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 16 नवम्बर 2017

क्र. एफ-6-34-2015-एक (1).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 316(1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, प्रो. एस. पी. गौतम, सदस्य, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को अनुच्छेद 316(1) के अन्तर्गत अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक, अपने कार्यों के साथ-साथ मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के कर्तव्यों का पालन करने हेतु कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करते हैं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. कातिया, अपर सचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 नवम्बर 2017

क्र. एफ-1(सी)-26-2016-ई-चार.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 तथा समय-समय पर किये गये संशोधन के अन्तर्गत स्थानीय निधि संपरीक्षा के लंबित ऑडिट आक्षेपों पर स्थानीय प्राधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा करने तथा उक्त अधिनियम की धारा 10 उपधारा (3) एवं (4) के अनुसार इस पर आगामी कार्यवाही करने के बारे में निर्णय लेने हेतु संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1(सी)1-2006-ई-चार, दिनांक 5 मई 2006 अनुसार गठित समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन करता है:—

(1)	संभागायुक्त	अध्यक्ष
(2)	संयुक्त आयुक्त (विकास)	सदस्य
(3)	संयुक्त संचालक, नगरीय एवं पर्यावरण विकास	सदस्य
(4)	संयुक्त संचालक, आंचलिक कार्यालय, मण्डी बोर्ड.	सदस्य
(5)	संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा.	सदस्य-सचिव.

2. उपर्युक्त समिति मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 10 उपधारा (3) एवं (4) के परिप्रेक्ष्य में राजस्व संभाग के अन्तर्गत आने वाले समस्त जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर परिषद्, नगरपालिका परिषद्, नगर निगम, कृषि उपज मण्डी समिति एवं विकास प्राधिकरण आदि के लंबित आडिट आक्षेपों पर स्थानीय प्राधिकारी द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में आक्षेपों का प्रत्याहरण करने अथवा आगामी कार्यवाही करने के बारे में संयुक्त संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा को उपयुक्त परामर्श देगी और ऑडिट आक्षेप की प्रवृत्ति अनुसार कार्यवाही की संभावित समय-सीमा भी तय करेगी.

3. समिति की बैठक यथा संभव प्रत्येक 02 माह में आयोजित की जाये, लेकिन अपरिहार्य कारणवश बैठक संभव नहीं होने की स्थिति में प्रत्येक त्रैमास में 01 बैठक अवश्य ही आयोजित की जाये.

क्र. एफ-1(सी)-26-2016-ई-चार.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 तथा समय-समय पर किये गये संशोधन के अन्तर्गत स्थानीय निधि संपरीक्षा की ग्राम पंचायत, तहसील/विकासखण्ड स्तर की रोगी कल्याण समिति एवं जिले में स्थित शासकीय अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों की लंबित आडिट आपत्तियों पर इस अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (3) एवं (4) के परिप्रेक्ष्य में संबंधित निकाय प्रमुख द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में आपत्तियों का प्रत्याहरण करने संबंधी उप संचालक, क्षेत्रीय, कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा को उपयुक्त परामर्श देने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में इस विभाग के आदेश क्रमांक 935-638-12-ई-चार, दिनांक 28 मार्च, 2012 अनुसार गठित समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन करता है:—

(1)	कलेक्टर	अध्यक्ष
(2)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	सदस्य
(3)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	सदस्य
(4)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत	सदस्य
(5)	जिला शिक्षा अधिकारी	सदस्य
(6)	उप संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा.	सदस्य-सचिव.

2. उपर्युक्त समिति जिले के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर की रोगी कल्याण समिति तथा शासकीय अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों द्वारा संपरीक्षा हेतु लेखे प्रस्तुत नहीं करने पर इनकी समीक्षा करेगी एवं मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 10 की उपधारा (3) एवं (4) के परिप्रेक्ष्य में इनके मुख्य कार्यपालिक अधिकारी के विरुद्ध आगामी कार्यवाही प्रस्तावित करने का परामर्श उप संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा को देगी.

3. समिति की बैठक अधिकतम तीन मास के अंतराल में आयोजित की जाएगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिरूद्ध मुकर्जी, प्रमुख सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 नवम्बर 2017

क्र. एफ 1(बी) 111-2016-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2013 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के लिये अनुपूरक सूची से चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600-39100+ ग्रेड पे 5400/- में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम 04 में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/ स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	04	सुश्री सोनाली गुप्ता, वार्ड क्र. 05, गुप्ता मोहल्ला, शहपुरा, थाना शहपुरा, जिला डिण्डोरी म. प्र. 481990.	शहडोल
2	05	श्री पूनम यादव, म. नं. 101, महालक्ष्मी ऑयल मील के सामने, पुनासा रोड, सतवास जिला देवास म. प्र. 455459.	खण्डवा

(2) नवनियुक्त अधिकारियों द्वारा आदेश प्राप्ति के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर उपर्युक्त कॉलम (4) में अंकित पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें एवं पदस्थापना स्थल से कार्यमुक्त होकर मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भौंरी, भोपाल में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हों. निर्धारित समयावधि में कार्यभार ग्रहण न करने अथवा प्रशिक्षण में उपस्थित न होने की स्थिति में नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

(3) उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को परिवीक्षा अवधि में संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम, आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा तथा प्रशिक्षण एवं समस्त विहित विभागीय परीक्षायें उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी.

(4) नवनियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 एवं मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2000 से शासित होंगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अंतर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(5) नवनियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

(6) राज्य शासन के अधीन दिनांक 01 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(7) नियुक्त अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेंगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(8) परीवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक ''बाण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

(9) नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत हैं, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

(10) अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

(11) इस नियुक्ति के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा याचिका क्र. 21537/2015 द्वारा श्री पीयुष तिवारी विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य में पारित निर्णय दिनांक 2 मई 2016 के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा चयनित उप पुलिस अधीक्षकों से अभिवचन-पत्र प्राप्त किया गया है और तदाशय का अभिवचन पत्रक शासन द्वारा भी प्राप्त किया गया है. उक्त याचिका के विरुद्ध अपील प्रकरण क्र. 347/2016 को माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा खारिज किया गया है. उक्त याचिका के विरुद्ध एक और अपील प्रकरण क्र. 369/2016 दर्ज हुआ था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश द्वारा पारित स्थगन आदेश दिनांक 9-8-2016 को प्रकरण की पुनः सुनवाई में आदेश दिनांक 12 अगस्त 2016 द्वारा स्थगन आदेश निरस्त किया जाकर उक्त याचिका में मान. उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 17 अगस्त 2016 के अनुसार प्रकरण खारिज किया गया है. माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर याचिका क्र. 21537/2015 श्री पीयूष तिवारी विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 2 मई 2016 प्रभावशील है, उक्त आदेश के विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में विशेष अनुमति याचिका आई.ए. नं. 11249/2016 लंबित है. यह नियुक्तियां मान. उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में लंबित उक्त विशेष अनुमति याचिका में पारित होने वाले निर्णय के अध्यधीन रहेंगी.

(12) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की प्रविष्टियॉ रोस्टर पंजी में कर दी गई है.

(13) प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेश का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा 6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

क्र. एफ-1(बी) 108-2016-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2012 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के लिये अनुपूरक सूची से चयनित

निम्नलिखित अभ्यर्थी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600-39100+ ग्रेड पे 5400/- में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (04) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/ स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	07	सुश्री अर्चना रावत, 99, सुंदरनगर एक्स, सुखलिया, एम.आर.10; इन्दौर, म. प्र. 452010.	सागर

(2) नवनियुक्त अधिकारी द्वारा आदेश प्राप्ति के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर उपर्युक्त कॉलम (4) में अंकित पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें एवं पदस्थापना स्थल से कार्यमुक्त होकर मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भौंरी, भोपाल में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हों. निर्धारित समयावधि में कार्यभार ग्रहण न करने अथवा प्रशिक्षण में उपस्थित न होने की स्थिति में नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

(3) उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारी को परिवीक्षा अवधि में संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम, आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा तथा प्रशिक्षण एवं समस्त विहित विभागीय परीक्षायें उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी.

(4) नवनियुक्त अधिकारी की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 एवं मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2000 से शासित होंगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अंतर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(5) नवनियुक्त अधिकारी की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती है. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

(6) राज्य शासन के अधीन दिनांक 01 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(7) नियुक्त अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(8) परीवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक "बाण्ड" शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

(9) नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत है, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

(10) अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

(11) इस नियुक्ति के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा याचिका क्र. 21537/2015 द्वारा श्री पीयुष तिवारी विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य में पारित निर्णय दिनांक 2 मई 2016 के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा चयनित उप पुलिस अधीक्षकों से अभिवचन-पत्र प्राप्त किया गया है और तदाशय का अभिवचन पत्रक शासन द्वारा भी प्राप्त किया गया है. उक्त याचिका के विरुद्ध अपील प्रकरण क्र. 347/2016 को माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा खारिज किया गया है. उक्त याचिका के विरुद्ध एक और अपील प्रकरण क्र 369/2016 दर्ज हुआ था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश द्वारा पारित स्थगन आदेश दिनांक 9 अगस्त 2016 को प्रकरण की पुनः सुनवाई में आदेश दिनांक 12 अगस्त 2016 द्वारा स्थगन आदेश निरस्त किया जाकर उक्त याचिका में मान. उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 17 अगस्त 2016 के अनुसार प्रकरण खारिज किया गया है. माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर याचिका क्र. 21537/2015 श्री पीयुष तिवारी विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 2 मई 2016 प्रभावशील है, उक्त आदेश के विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में विशेष अनुमति याचिका आई.ए. नं. 11249/2016 लंबित है. यह नियुक्तियां मान. उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में लंबित उक्त विशेष अनुमति याचिका में पारित होने वाले निर्णय के अध्यधीन रहेंगी.

(12) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की प्रविष्टियां रोस्टर पंजी में कर दी गई है.

(13) प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेश का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा 6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीदास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 16 नवम्बर 2017

फा. क्र. 5012-2017-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, उच्च न्यायिक सेवा की अधिकारी श्रीमती गिरिबाला सिंह, ग्यारहवें अपर जिला न्यायाधीश, भोपाल की सेवाएं रजिस्ट्रार राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, भोपाल के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को सौंपता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. वाणी, सचिव.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 2017

सूचना

क्र. एफ-3-62-2013-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 19 की उपधारा (4) के अधीन एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राज्य सरकार द्वारा मण्डीदीप निवेश क्षेत्र के लिये विकास योजना 2031 मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19(2) में अनुमोदित की गई है, तथा योजना की प्रति का निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकेगा, अर्थात् :—

1. कलेक्टर, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश
2. संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, भोपाल, सीहोर, रायसेन मध्यप्रदेश.
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, मण्डीदीप मध्यप्रदेश.

(2) यह विकास योजना मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 की उपधारा (5) के प्रावधान अनुसार राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवर्तित होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. के. साधव, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 2017

क्र. एफ-3-62-2013-बत्तीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण, में, नगरीय विकास एवं आवास की अधिसूचना क्रमांक-एफ-3-62-2015-बत्तीस दिनांक 22 नवम्बर 2017 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. के. साधव, उपसचिव.

Bhopal, the 22nd November, 2017

NOTICE

No. F-3-62-2013-XXXII.—Notice under section 19(4) of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 is hereby given that the State Government has approved the Development Plan for Mandideep (Planning Area), 2031 under sub-section (2) of Section 19 of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 (No. 23 of 1973), and a copy of the said plan may be inspected at the following offices during office hours, namely :—

1. Collector, District Raisen, Madhya Pradesh
2. Joint Director, Town & Country Planning Distt. Office Bhopal, Sehore, Raisen, Madhya Pradesh.
3. Chief Municipal Officer, Nagar Palika Parishad Mandideep, Madhya Pradesh.

2. The said development plan shall come into operation with effect from publication of this notice in Madhya Pradesh Gazette under section 19(5) of Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
C. K. SADHAV, Dy. Secy.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2017

अधि. क्र. भ.स.क.म.म.-7725.—इस कार्यालय की अधिसूचना क्रमांक भ.स.क.क.म.-8168, दिनांक 21 अगस्त 2015, भाग-4 (ग) द्वारा "पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिये शौचालय निर्माण हेतु अनुदान योजना" लागू की गई थी, यह योजना एतद्द्वारा (राजपत्र प्रकाशन तिथि से) समाप्त घोषित की जाती है.

एस. एस. दीक्षित, सचिव.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2017

क्र. 8373-एनआर-14-लोकपाल-3-2017.—मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-3-14-2010-1-10, दिनांक 26 अगस्त 2017 द्वारा श्री विनोद कुमार दुबे (सेवानिवृत्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष के लिए संभागीय सतर्कता समिति इन्दौर, संभाग इन्दौर में सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया है. श्री विनोद कुमार दुबे (सेवानिवृत्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) ने दिनांक 12 सितम्बर 2017 को कार्यभार ग्रहण किया है. अत: श्री विनोद कुमार दुबे (सेवानिवृत्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) सदस्य संभागीय सतर्कता समिति इन्दौर संभाग, इन्दौर को बड़वानी, खण्डवा एवं बुरहानपुर जिलों के लिए कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से 3 वर्ष के लिए मनरेगा लोकपाल नियुक्त किया जाता है.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

संशोधित आदेश

क्र. 8375-एनआर-14-लोकपाल-3-2017.—अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक 4065-एनआर-14-लोकपाल-3-2017, भोपाल दिनांक 23 जून 2017 द्वारा श्री डॉ. नवीन कुमार तिवारी (सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर) सदस्य संभागीय सतर्कता समिति रीवा संभाग, रीवा को शहडोल एवं अनूपपुर जिलों के लिए मनरेगा लोकपाल नियुक्त किया गया है.

उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए, डॉ. नवीन कुमार तिवारी (सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर) लोकपाल को शहडोल एवं अनूपपुर के साथ जिला सतना लोकपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

क्र. 8383-एनआर-14-लोकपाल-3-2017.—मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-3 (9)2007-1-10, दिनांक 22 सितम्बर 2017 द्वारा श्री अरूण प्रकाश सक्सेना (सेवानिवृत्त, जिला एवं सत्र न्यायाधीश) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष के लिए संभागीय सतर्कता समिति ग्वालियर, संभाग ग्वालियर में सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया है. श्री अरूण प्रकाश सक्सेना ने दिनांक 28 सितम्बर 2017 को कार्यभार ग्रहण किया है. अत: श्री अरूण प्रकाश सक्सेना, (सेवानिवृत्त, जिला एवं सत्र न्यायाधीश), सदस्य संभागीय सतर्कता समिति ग्वालियर संभाग, ग्वालियर को ग्वालियर, दतिया, श्योपुर जिलों के लिये कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से 3 वर्ष के लिए मनरेगा लोकपाल नियुक्त किया जाता है.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

संशोधित आदेश

क्र. 8385-एनआर-14-लोकपाल-3-2017.—सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक 8374-एनआर-14-लोकपाल-3-2015, भोपाल दिनांक 21 अगस्त 2015 द्वारा श्रीमती रीना चौकसे, सामाजिक महिला कार्यकर्ता को सागर संभाग सागर में छतरपुर जिले का मनरेगा लोकपाल नियुक्त किया गया है.

उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए, श्रीमती रीना चौकसे, को जिला छतरपुर के साथ टीकमगढ़ एवं पन्ना का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

राधेश्याम जुलानिया, अपर मुख्य सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश

मानव संसाधन विकास, प्रथम तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

भोपाल, दिनांक 9 नवम्बर 2017

क्र. 1593.—सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 10-1-2015-एक-9, दिनांक 27 मार्च 2015 के परिप्रेक्ष्य में सहायक वन संरक्षक एवं वनक्षेत्रपालों के लिए विभागीय परीक्षा दिनांक 25-28 जुलाई 2017 तक आयोजित की गई, जिसमें वनक्षेत्रपाल के लिये दिनांक 25 जुलाई 2017 को प्रथम-प्रक्रिया, दिनांक 26 जुलाई 2017 को द्वितीय-लेखा, दिनांक 27 जुलाई 2017 को तृतीय-सामान्य विधि एवं सहायक वन संरक्षक के लिये दिनांक 25 जुलाई 2017 को प्रथम-वन विधि, दिनांक 26 जुलाई 2017 को द्वितीय-सामान्य विधि तथा दिनांक 27 जुलाई 2017 को तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा विषयों पर सम्पन्न हुई थी में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उतीर्ण घोषित किया जाता है :—

वनक्षेत्रपाल परीक्षा परिणाम

अनु. क्र. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	विषय (4)
	भोपाल संभाग		
1	श्री बृजेश कुमार साहू	वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु	प्रथम-प्रक्रिया
2	श्री राकेश कुमार गोनेकर	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-प्रक्रिया
3	श्री बृजेश कुमार साहू	वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु	द्वितीय-लेखा
4	श्री राकेश कुमार गोनेकर	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-लेखा
5	श्री बृजेश कुमार साहू	वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु	तृतीय-सामान्य विधि
6	श्री राकेश कुमार गोनेकर	वनक्षेत्रपाल	तृतीय-सामान्य विधि
	इन्दौर संभाग		
7	श्री दिनेश कुमार मौर्य	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-लेखा
	जबलपुर संभाग		
8	श्री पावर सिंह डोंडवें	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-लेखा
9	श्री रामजी शरण शर्मा	वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु	द्वितीय-लेखा
10	श्री रामजी शरण शर्मा	वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु	तृतीय-सामान्य विधि

सहायक वन संरक्षक परीक्षा परिणाम

भोपाल संभाग

1	श्री सचिन सयदे	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
2	श्री नवीन गर्ग	भा. व.से. प्रशिक्षु	प्रथम-वन विधि

(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्री हीरालाल सनोडिया	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
4	श्री खुशाल सिंह बघेल	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
5	श्री संदेश महेश्वरी	सहायक वन संरक्षक	प्रथम-वन विधि
6	श्री कैलाश चन्द्र अहीर	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
7	श्री पुनीत गोयल	भा. व. से. प्रशिक्षु	प्रथम-वन विधि
8	श्री नवीन गर्ग	भा. व. से. प्रशिक्षु	द्वितीय-सामान्य विधि
9	श्री खुशाल सिंह बघेल	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
10	श्री संदेश महेश्वरी	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
11	श्री कैलाश चन्द्र अहीर	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
12	श्री पुनीत गोयल	भा. व. से. प्रशिक्षु	द्वितीय-सामान्य विधि
13	श्री नवीन गर्ग	भा. व. से. प्रशिक्षु	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
14	श्री संदेश महेश्वरी	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
15	श्री कैलाश चन्द्र अहीर	वनक्षेत्रपाल	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
16	श्री पुनीत गोयल	भा. व. से. प्रशिक्षु	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
		ग्वालियर संभाग	
17	श्री राजवेन्द्र मिश्रा	सहायक वन संरक्षक	प्रथम-वन विधि
18	श्री देवानन्द पाण्डे	सहायक वन संरक्षक	प्रथम-वन विधि
19	श्री एम. एम. शर्मा	सहायक वन संरक्षक	प्रथम-वन विधि
20	सुश्री सुमन खरे	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
21	श्री भुवनेश कुमार योगी	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
22	श्री राजवेन्द्र मिश्रा	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
23	श्री एम. एम. शर्मा	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
24	श्री भुवनेश कुमार योगी	वनक्षेत्रपाल	तृतीय-सामान्य विधि
25	श्री राजवेन्द्र मिश्रा	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-सामान्य विधि
26	श्री देवानन्द पाण्डे	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-सामान्य विधि
27	श्री एम. एस. शर्मा	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-सामान्य विधि
28	श्री तेजसिंह चौहान	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-सामान्य विधि
		इन्दौर संभाग	
29	श्री अरविंद चौहान	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
30	श्री अरविंद चौहान	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
31	श्री अरविंद चौहान	वनक्षेत्रपाल	तृतीय प्रक्रिया तथा लेखा

(1)	(2)	(3)	(4)
		जबलपुर संभाग	
32	श्री जरांडे ईश्वर रामहरी	भा. व. से. प्रशिक्षु	प्रथम-वन विधि
33	श्री योगेश्वर प्रसाद वर्मा	सहायक वन संरक्षक	प्रथम वन विधि
34	श्री मार्तण्ड सिंह मरावी	वनक्षेत्रपाल	प्रथम-वन विधि
35	श्री विद्याभूषण मिश्रा	सहायक वन संरक्षक	प्रथम-वन विधि
36	श्री मयंक चांढीवाल	सहायक वन संरक्षक	प्रथम-वन विधि
37	श्री प्रमोद सिंह	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
38	श्री जरांडे ईश्वर रामहरी	भा. व. से. प्रशिक्षु	द्वितीय-सामान्य विधि
39	श्री योगेश्वर प्रसाद वर्मा	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
40	श्री शरद सिंह	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
41	श्री वीरभद्र सिंह परिहार	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
42	श्री एम. आर उइके	वनक्षेत्रपाल	द्वितीय-सामान्य विधि
43	श्री विद्याभूषण मिश्रा	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
44	श्री मयंक चांढीवाल	सहायक वन संरक्षक	द्वितीय-सामान्य विधि
45	श्री जरांडे ईश्वर रामहरी	भा. व. से. प्रशिक्षु	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
46	श्री पप्पू सिंह बास्केल	वनक्षेत्रपाल	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
47	श्री विद्याभूषण मिश्रा	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा
48	श्री मयंक चांढीवाल	सहायक वन संरक्षक	तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा

महेन्द्र यादुवेन्दु, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मानव संसाधन विकास).

कार्यालय, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण, विंध्याचल भवन, भोपाल

शीतकालीन अवकाश बावत्

भोपाल, दिनांक 13 नवम्बर 2017

क्र. सह-अधि.-स्था.-2017-2861.—मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण के अध्यक्ष को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण विनियम, 2000 के विनियम, 24 के प्रावधानों के अनुसार मान. उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश के द्वारा घोषित शीतकालीन अवकाश दिनांक 22 दिसम्बर 2017 से 31 दिसम्बर 2017 तक में से सात दिन का लाभ उठाने की पात्रता है.

2. तद्नुसार इस अधिकरण के मान. अध्यक्ष दिनांक 26 दिसम्बर 2017 से 30 दिसम्बर 2017 तक, शीतकालीन अवकाश पर रहेंगे, जिसके फलस्वरूप न्यायालय में उक्त अवधि में शीतकालीन अवकाश रहेगा.

3. तथापि उक्त दिवसों में अधिकरण में कार्यालयीन कार्य यथावत् जारी रहेगा.

माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार,
विमल कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक 1198-भू-अर्जन-री-1-16-17 झाबुआ, दिनांक 9 अक्टूबर 2017

मध्यप्रदेश भुमिगत पाईप लाईन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम 2012

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि माही परियोजना, तहसील पेटलावद, जिला–झाबुआ की नहरों के लिये भूमिगत पाईपलाईन बिछाये जाने का प्रस्ताव है।

अतएव राज्य सरकार को **ग्राम सागड़िया**, तहसील पेटलावद, जिला–झाबुआ के खातेदारों की निजी भूमि से नहरों हेतु भूमिगत पाईपलाईन बिछाने के प्रयोजन के लिये यह आवश्यक प्रतित होता है, कि उस भूमि में जिसमें भूमिगत पाईपलाईन बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना के संलग्न सूची में वर्णित है, उपयोग के लिये अधिकारों का अर्जन किया जावें।

अतएव मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट्स (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आश्य की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि कें हितबद्ध है, उस तारीख को जिसकों उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है, 30 दिवस के भीतर भूमि के नीचे पाईप लाईन एवं डक्टि बिछाये जाने के संबंध में सक्षम भू–अर्जन अधिकारी, तहसील पेटलावद, जिला–झाबुआ (म.प्र.) को लिखित में भेज सकेगा।

–: अनुसूची :–

क्रं.	जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हें.में)
1	झाबुआ	पेटलावद	सागड़िया/26	542/2	0.038
2				517/5	0.045
				कुल योग :–	**0.083**

क्रमांक 1200-भू-अर्जन-री-1-16-17

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (क्रं.– 30 सन् 2013 की धारा–19(1) के अंतर्गत)

चूँकी राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा (1) के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है, कि उक्त भूमि प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

–: अनुसूची :–

1– भूमि का वर्णन क–जिला झाबुआ ख–तहसील पेटलावद

ग–ग्राम खाखरापाड़ा घ–लगभग क्षैत्रफल 0.66हे.

स.क्र.	भूमि स्वामी का नाम एवं पिता का नाम	खसरा क्रमांक	भूमि का कुल रकबा (हे. में)	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे. में)		अर्जनीय भूमि का कुल रकबा (हे.में)	रिमार्क
				सिंचित	असिंचित		
1	2	3	4	5	6	7	8
1	धुलिया पिता रणछोड मोरी जाति भील पता निवासी ग्राम स्वामी	133/4	0.020	0.020		0.020	
2	रमेश पिता रणछोड पुनीबाई पति स्व0 रणछोड मोरी जाति भील पता निवासी ग्राम स्वामी	133/5	0.020	0.020		0.020	
3	जालु, बालु, भीलजी, बद्री, सुगना पिता प्रभु मोरी जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी	141	0.180	0.040		0.040	
4	मन्ना सुकला पिता लाला गगंली बेवा लाला मोरी जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी	142	0.290	0.040		0.040	
5	मावजी दित्यापिता तेल्या मैडा जाति भील पता नि.ग्राम भूमि स्वामी गवरीबेवा तेल्या जाति मोरी भील पता नि.ग्राम भूमि स्वामी	143	0.330	0.040		0.040	

स.क्र.	भूमि स्वामी का नाम एवं पिता का नाम	खसरा क्रमांक	भूमि का कुल रकबा (हे. में)	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे. में)		अर्जनीय भूमि का कुल रकबा (हे.में)	टिप्पणी
				सिंचित	असिंचित		
1	2	3	4	5	6	7	8
6	नारजी पिता वेलजी जाति भील पता नि0ग्राम भूमि स्वामी	144	0.260	0.020		0.020	
		294	0.110	0.010		0.010	
		296	0.450	0.030		0.030	
		298	0.810	0.070		0.070	
7	जबरिया पिता हमीरा, नानजी, वरसिंग, दित्या, मीरा, भूरी पिता कवरिया, चम्पा पति स्व. कवरिया मैडा जाति भील पता नि.ग्राम भूमि स्वामी	293	1.370	0.110		0.110	
		304	0.320		0.050	0.050	
8	देवला पुत्र वेलजी जाति निनामा पता नि.ग्राम भूमि स्वामी	295	0.110	0.060		0.060	
		303	0.440		0.140	0.140	
9	वरसिंग पिता नग्गा मैडा जाति भील पता नि.ग्राम भूमि स्वामी	300	0.660	0.010		0.010	
	योग :–	**14**	**5.370**	**0.470**	**0.190**	**0.660**	

2– सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भूमि की :– माही परियोजना की माही शाखा नहर एवं अन्य नहरों के निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु।

3– नहर निर्माण कार्य पूर्ण से ही प्रचलित है, अधिकांश भूमियों का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है। केवल कुछ भाग का ही अर्जन किया जाना है। अतः पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार का प्रकाशन नही किया जा रहा है।

4– भूमि का नक्शा (प्लान), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी पेटलावद एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रं–1 झाबुआ के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

क्रमांक 1293-भू-अर्जन-री-1-16-17 झाबुआ, दिनांक 31 अक्टूबर 2017

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (क्रं.– 30 सन् 2013 की धारा–19(1) के अंतर्गत)

चूँकी राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा (1) के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है, कि उक्त भूमि प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

–: अनुसूची :–

1– भूमि का वर्णन क–जिला झाबुआ ख–तहसील पेटलावद
ग–ग्राम करनगढ़ घ–लगभग क्षेत्रफल 0.81हे.

स.क्र.	भूमि स्वामी का नाम एवं पिता का नाम	खसरा क्रमांक	भूमि का कुल रकबा (हे. में)	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे. में)		अर्जनीय भूमि का कुल रकबा (हे.में)	रिमार्क
				सिंचित	असिंचित		
1	2	3	4	5	6	7	8
1	तारसिंग पिता देवा गामड जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	460	0.080		0.080	0.080	
2	भोंदरिया ,जीवणा पिता हमिरिया गामड़ जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	502	0.670	0.130		0.130	
3	मँगली पिता गल्या गामड़ जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	469	0.160	0.040		0.040	
4	देवजी पिता थावरिया गामड जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	470/2	0.030		0.030	0.030	
		471/2	0.040		0.040	0.040	
5	थावरिया पिता कानजी गामड जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	470/1	0.030	0.030		0.030	
		471/1	0.050	0.050		0.050	
6	भुरजी पिता थावरिया गामड जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	470/3	0.040	0.030		0.030	
		471/3	0.040	0.040		0.040	

स.क्र.	भूमि स्वामी का नाम एवं पिता का नाम	खसरा क्रमांक	भूमि का कुल रकबा (हे. में)	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे. में)		अर्जनीय भूमि का कुल रकबा (हे.में)	रिमार्क
				सिंचित	असिंचित		
1	2	3	4	5	6	7	8
7	गँवराबाई पिता गल्या गामड़ जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	461	0.030	0.030		0.030	
		462	0.020	0.020		0.020	
		464	0.120		0.030	0.030	
		467	0.250	0.030		0.030	
8	सोमली पति विरजी गामड़ जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	463	0.110	0.090		0.090	
		465	0.100	0.030		0.030	
		466	0.120		0.030	0.030	
9	धरमा बेवा भेरिया गामड जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	329	0.060	0.050		0.050	
10	राजु पिता मुन्ना गामड जाति भील पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी करनगढ	472/1	0.060	0.030		0.030	
	योग :–	**18**	**2.010**	**0.600**	**0.210**	**0.810**	

2– सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भूमि की :– माही परियोजना की माही शाखा नहर एवं अन्य नहरों के निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु।

3– नहर निर्माण कार्य पूर्ण से ही प्रचलित है, अधिकांश भूमियों का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है। केवल कुछ भाग का ही अर्जन किया जाना है। अतः पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार का प्रकाशन नही किया जा रहा है।

4– भूमि का नक्शा (प्लान), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी पेटलावद एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रं–1 झाबुआ के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

आशीष सक्सेना, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर जिला खण्डवा मध्यप्रदेश

क्रमांक 20-2017-एलए-14940-रा.प्र.क्र. अ-82-2016-17 भोपाल, दिनांक 24 अक्टूबर 2017

राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अधोसंरचनाओं के लिए समय समय पर निजी भूमि की आवश्यकता पडती है। म0प्र0शासन राजस्व विभाग के परिपत्र कमांक 12.2.2014/सात/ए दिनांक 12.112014 (म0प्र0राजपत्र दिनांक 14.11.2014) अनुसार राज्य सरकार द्वारा निजी भू-धारकों की ''आपसी सहमति से भूमि कय नीति'' जारी की गयी है।

